(4) According to Bharat Ansh Swar is also considered as Grah Swara in all the 'Jatis'.
(5) Question not attempted

77. Which is not a variety of Padashrit Geeti?
(1) Ardhmagdhi (2) Sambhavita
(3) Prithula (4) Bhinna
(5) Question not attempted

78. Francis Tourte fixed the balancing point of a bow at -
(1) 23 cm above the frog
(2) 19 cm above the frog
(3) 21 cm above the frog
(4) 15 cm above the frog
(5) Question not attempted

79. **Assertion (A):** The traditional style of Been, Rabab and Sursingar, which was related to the ancient style of Dhrupad, was the origin of 'Baaj'. This is the iconic 'Tantrakari-Baaj'.
**Reason (R):** Singing is also played on popular instruments like Sitar, Sarod, Violin, Sarangi etc.
(1) Both (A) and (R) are true.
(2) Only (A) is true.
(3) Both (A) and (R) are false.
(4) Only (R) is true.
(5) Question not attempted

80. The holding position of which instrument is similar to violin?
(1) Octo Bass (2) Double Bass
(3) Viola (4) Cello
(5) Question not attempted

81. Which Indian musician presented fusion music with Yahudi Menuhin?
(1) Ravishankar (2) Gajananrao Joshi
(3) Allauddin Khan (4) Kanthe Maharaj
(5) Question not attempted

76. निम्नलिखित में से असत्य कथन को चुनिए।
(1) जातियों में पंचम स्वर कभी वर्जित नहीं किया जाता।
(2) 14 जातियों में षाडवित तथा 10 जातियों में औडवित भेद होते हैं।
(3) जाति गायन में अंश स्वर के संवादी को कभी वर्जित नहीं किया जाता।
(4) भरत के अनुसार अंश स्वर ही सभी जातियों में गृह स्वर भी होता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

77. कौनसा पदाश्रित गीति का प्रकार नहीं है?
(1) अर्धमागधी (2) संभाविता
(3) पृथुला (4) भिन्ना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

78. फ्रांसिस टोर्ट ने गज का संतुलन किस माप पर रखा है?
(1) 23 से.मी. फ्रॉग के ऊपर
(2) 19 से.मी. फ्रॉग के ऊपर
(3) 21 से.मी. फ्रॉग के ऊपर
(4) 15 से.मी. फ्रॉग के ऊपर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

79. **अभिकथन (A):** बीन, रबाब और सुरसिंगार की परंपरागत शैली जो ध्रुपद की प्राचीन शैली से संबंधित थी, 'बाज' का उद्‌गम स्त्रोत थी। यही प्रतिष्ठित 'तंत्रकारी बाज' है।
**कारण (R):** प्रचलित सितार, सरोद, वायलिन, सारंगी आदि साज़ों में गला भी बजता है।
(1) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं।
(2) केवल (A) सत्य है।
(3) (A) तथा (R) दोनों असत्य हैं।
(4) केवल (R) सत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

80. वादन के समय किस वाद्य को धारण करने की विधि वायलिन के समान है?
(1) ऑक्टो बास (2) डबल बास
(3) वायोला (4) चेलो
(5) अनुत्तरित प्रश्न

81. किस भारतीय संगीतकार ने यहूदी मेनुहीन के साथ फ्यूज़न म्यूजिक प्रस्तुत किया?
(1) रविशंकर (2) गजाननराव जोशी
(3) अलाउद्दीन खां (4) कांठे महाराज
(5) अनुत्तरित प्रश्न

82. Which Veena was not there during Vedic times?
(1) Rudra (2) Mahti
(3) Katyayani (4) Pinaki
(5) Question not attempted

83. Which of the following option is correctly matched?
(1) Sangeetopnishatsaroddhar – 7 Alankara
(2) Sangeet Samay Sar – 13 Alankara
(3) Sangeet Makrand – 18 Alankara
(4) Chaturdandi Prakashika – 19 Alankara
(5) Question not attempted

84. Select the instruments having frets and played with bow amongst the following –
(i) Israj
(ii) Dilruba
(iii) Taus
(iv) Sarangi
(1) Only i, ii (2) Only ii, iii
(3) All i, ii, iii, iv (4) Only i, ii, iii
(5) Question not attempted

85. How many strings are there in Pinaki Veena?
(1) Seven (2) Zero
(3) Eighteen (4) Five
(5) Question not attempted

86. Which of the following option is not correct in the context of 'Nirgit'?
(1) Invented by Narada
(2) Use of 'Shushkakshara' or 'Stobhaksharas'
(3) Use of Jhantum, Jagatip, Valitak, Kuchjhal, Gitikal…
(4) Used and preached by gods
(5) Question not attempted

87. "KAKLI NISHAD" is placed on which shruti according to 'Chaturdandi Prakashika'?
(1) Manda (2) Teevra
(3) Chhandowati (4) Kumudwati
(5) Question not attempted

82. वैदिक काल में कौनसी वीणा नहीं थी?
(1) रूद्र (2) महती
(3) कात्यायनी (4) पिनाकी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

83. निम्नलिखित में कौनसा विकल्प सही सुमेलित है?
(1) संगीतोपनिषत्सरोद्धार – 7 अलंकार
(2) संगीत समय सार – 13 अलंकार
(3) संगीत मकरंद – 18 अलंकार
(4) चतुर्दण्डिप्रकाशिका – 19 अलंकार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

84. निम्नलिखित में से गज से बजने वाले सारिका युक्त वाद्यों का चयन कीजिए –
(i) इसराज
(ii) दिलरुबा
(iii) ताउस
(iv) सारंगी
(1) केवल i, ii (2) केवल ii, iii
(3) सभी i, ii, iii, iv (4) केवल i, ii, iii
(5) अनुत्तरित प्रश्न

85. पिनाकी वीणा में कितने पर्दे होते हैं?
(1) सात (2) शून्य
(3) अठारह (4) पाँच
(5) अनुत्तरित प्रश्न

86. 'निर्गीत' के संदर्भ में कौनसा विकल्प सही नहीं है?
(1) नारद द्वारा आविष्कृत
(2) 'शुष्काक्षरों' या 'स्तोभाक्षरों' का प्रयोग
(3) झण्टुं, जगतिप, वलितक, कुचझल, गितिकल...... का प्रयोग
(4) देवताओं द्वारा प्रयुक्त तथा उपदेशित
(5) अनुत्तरित प्रश्न

87. "चतुर्दण्डिप्रकाशिका" में वर्णित "काकली निषाद" किस श्रुति पर स्थित है?
(1) मंदा (2) तीव्रा
(3) छंदोवती (4) कुमुद्वती
(5) अनुत्तरित प्रश्न

88. Match the following –

(A) Vistaraj

(B) Sanghataj

(C) Samvayaj

(D) Anubandh

(i) S S S S<br>Da Da Da Da

(ii) S R G M<br>Dada Dada Dada Dada

(iii) S R G M<br>DadDa DadDa DadDa DadDa

(iv) S R G M<br>DaDa DaDDa Da DaDa

**Code -**

(1) A-ii, B-iii, C-i, D-iv

(2) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(3) A-ii, B-i, C-iv, D-iii

(4) A-i, B-iii, C-iv, D-ii

(5) Question not attempted

89. According to Bharat, which of the following pair is not correctly matched?

(1) Yathakshara Chaachput - S I I S (Guru Laghu Laghu Guru)

(2) Yathakshara Chanchatput - S S I ´S (Guru Guru Laghu Plut)

(3) Yathakshara Shatpitaputrak - ´S I S S I ´S (Plut Laghu Guru Guru Laghu Plut)

(4) Dvikal Chaachput - S S I S S I (Guru Guru Laghu Guru Guru Laghu)

(5) Question not attempted

90. What is correct in context of Vivadi Swara?

(A) It must be used in limited manner.

(B) It must be used in subtle manner.

(C) It enhances beauty of raga if used with efficiency.

(D) It should be repeatedly used with every swara of raga.

(1) A, B, D (2) C, D, A

(3) B, C, D (4) C, B, A

(5) Question not attempted

88. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए –

(A) विस्तारज

(B) संघातज

(C) समवायज

(D) अनुबन्ध

(i) सा सा सा सा<br>दा दा दा दा

(ii) सा रे ग म<br>दाड़ा दाड़ा दाड़ा दाड़ा

(iii) सा रे ग म<br>दाड़दा दाड़दा दाड़दा दाड़दा

(iv) सा रे ग म<br>दाड़ा दाड़दा दा दाड़ा

**कोड –**

(1) A-ii, B-iii, C-i, D-iv

(2) A-i, B-ii, C-iii, D-iv

(3) A-ii, B-i, C-iv, D-iii

(4) A-i, B-iii, C-iv, D-ii

(5) अनुत्तरित प्रश्न

89. भरत के अनुसार, निम्नलिखित में कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?

(1) यथाक्षर चाचपुट – S I I S (गुरु लघु लघु गुरु)

(2) यथाक्षर चंचत्पुट – S S I ´S (गुरु गुरु लघु प्लुत)

(3) यथाक्षर षटपितापुत्रक – ´S I S S I ´S (प्लुत लघु गुरु गुरु लघु प्लुत)

(4) द्विकल चाचपुट – S S I S S I (गुरु गुरु लघु गुरु गुरु लघु)

(5) अनुत्तरित प्रश्न

90. विवादी स्वर के संदर्भ में क्या सही है?

(अ) इसका प्रयोग सीमित रूप में होना चाहिए।

(ब) इसका प्रयोग कुशलता के साथ करना उचित है।

(स) कुशलतापूर्वक प्रयोग करने पर राग की सुंदरता को बढ़ाता है।

(ड) इसका प्रयोग राग के प्रत्येक स्वर के साथ बार–बार होना चाहिए।

(1) अ, ब, ड (2) स, ड, अ

(3) ब, स, ड (4) स, ब, अ

(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247 GET IT ON Google Play

91. Select the instruments having four main strings from the following –
(i) Dilruba
(ii) Sarangi
(iii) Sitar
(iv) Violin
(v) Santoor
(1) (ii), (iii), (iv) (2) (ii), (iii), (v)
(3) (i), (ii), (iv) (4) (iii), (v)
(5) Question not attempted

92. Striking outside on string with middle and ring finger is called -
(1) Sandhit (2) Bhramar
(3) Chinna (4) Nakhkartari
(5) Question not attempted

93. How many types of vanshi named 'Ekveer' have been described in Sharang Dev's Sangeet Ratnakar?
(1) 18 (2) 14
(3) 13 (4) 12
(5) Question not attempted

94. Vaggeyakar must have the qualities of -
(A) Gamak in all the three Saptakas
(B) Expert in Ragalapti
(C) Expert in Roopakalapti
(D) No need for concentration of mind
**Code -**
(1) (A), (B), (D) (2) (A), (C), (D)
(3) (B), (C), (D) (4) (A), (B), (C)
(5) Question not attempted

95. Match List–I and II in context of Sangeet Ratnakar.

| List–I Contents | List–II Chapters |
|---|---|
| (A) Murcchana, Tan | (i) Sixth |
| (B) Vaggeyakar | (ii) Fourth |
| (C) Prabanddha | (iii) Third |
| (D) Instruments | (iv) First |

**Code -**
(1) (A)-(ii), (B)-(i), (C)-(iv), (D)-(iii)
(2) (A)-(iii), (B)-(iv), (C)-(i), (D)-(ii)
(3) (A)-(iv), (B)-(iii), (C)-(ii), (D)-(i)
(4) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)
(5) Question not attempted

91. निम्नलिखित में से 4 मुख्य तारों वाले वाद्यों का चयन कीजिए –
(i) दिलरुबा
(ii) सारंगी
(iii) सितार
(iv) वायलिन
(v) संतूर
(1) (ii), (iii), (iv) (2) (ii), (iii), (v)
(3) (i), (ii), (iv) (4) (iii), (v)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

92. मध्यमा और अनामिका उँगली से तार पर बाहर की ओर बजाना कहलाता है –
(1) सन्धित (2) भ्रमर
(3) छिन्न (4) नखकर्तरी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

93. शार्ङ्गदेव कृत संगीत रत्नाकर में 'एकवीर' नामक वंशी के कितने भेद बताए गए हैं?
(1) 18 (2) 14
(3) 13 (4) 12
(5) अनुत्तरित प्रश्न

94. वाग्गेयकार में कौनसे गुणों का होना आवश्यक है?
(अ) तीनों सप्तकों में गमक
(ब) रागालाप्ति में निपुण
(स) रूपकालाप्ति में निपुण
(ड) चित्त की एकाग्रता का ना होना
**कोड –**
(1) (अ), (ब), (ड) (2) (अ), (स), (ड)
(3) (ब), (स), (ड) (4) (अ), (ब), (स)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

95. संगीत रत्नाकर के संदर्भ में तालिका–I और II को मिलाएं –

| तालिका–I सामग्री | तालिका–II अध्याय |
|---|---|
| (अ) मूर्च्छना, तान | (i) छठा |
| (ब) वाग्गेयकार | (ii) चतुर्थ |
| (स) प्रबन्ध | (iii) तृतीय |
| (ड) वाद्य | (iv) प्रथम |

कोड –
(1) (अ)–(ii), (ब)–(i), (स)–(iv), (ड)–(iii)
(2) (अ)–(iii), (ब)–(iv), (स)–(i), (ड)–(ii)
(3) (अ)–(iv), (ब)–(iii), (स)–(ii), (ड)–(i)
(4) (अ)–(i), (ब)–(ii), (स)–(iii), (ड)–(iv)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

96. Who amongst the following is not a disciple of Vazeer Khan of Rampur Senia Gharana?
(1) Hafiz Ali Khan (Sarod)
(2) Halim Zafar Khan (Sitar)
(3) Pramath Nath Bandopadhyay (Rudra Veena)
(4) Alauddin Khan (Sarod)
(5) Question not attempted

96. निम्नलिखित में से कौन, रामपुर सेनिया घराने के वज़ीर खाँ के शिष्य नहीं हैं?
(1) हाफिज़ अली खाँ (सरोद)
(2) हलीम ज़ाफर खाँ (सितार)
(3) प्रमथ नाथ बंदोपाध्याय (रूद्र वीणा)
(4) अलाउद्दीन खाँ (सरोद)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

97. By the inspiration of Vishnu Digambar Paluskar, P. Sundaram prepared which violin-disciples for the North Indian style in Mumbai?
(i) Dhundiraj Paluskar
(ii) Raghunath Rao Patwardhan
(iii) Shankar Rao Pathak
(iv) Satyvrit Panwar
(1) Only iii, iv
(2) Only i, ii, iii
(3) Only i, ii
(4) All i, ii, iii, iv
(5) Question not attempted

97. विष्णु दिगम्बर पलुस्कर की प्रेरणा से पी. सुंदरम ने मुंबई में उत्तर भारतीय शैली हेतु वायलिन के किन शिष्यों को तैयार किया?
(i) धुंडीराज पलुस्कर
(ii) रघुनाथराव पटवर्धन
(iii) शंकर राव पाठक
(iv) सत्यव्रत पंवार
(1) केवल iii, iv
(2) केवल i, ii, iii
(3) केवल i, ii
(4) सभी i, ii, iii, iv
(5) अनुत्तरित प्रश्न

98. Which notation related signs are visible in Sangeet Ratnakar?
(i) All songs written in notes are set to Tal.
(ii) One tab or three notes are marked in one beat.
(iii) Dot above the 'Mandra' Swara.
(iv) Vertical line above the Taar Swaras.
(1) All i, ii, iii, iv
(2) Only i, ii
(3) Only iii, iv
(4) Only i
(5) Question not attempted

98. संगीत रत्नाकर में स्वरलिपि संबंधी किन संकेतों का दर्शन है?
(i) सभी स्वरांकित गीत तालबद्ध हैं।
(ii) एक मात्रा में एक, दो या तीन स्वर अंकित है।
(iii) 'मंद्र' स्वरों के ऊपर बिंदु है।
(iv) तार स्वरों के ऊपर खड़ी लाइन है।
(1) सभी i, ii, iii, iv
(2) केवल i, ii
(3) केवल iii, iv
(4) केवल i
(5) अनुत्तरित प्रश्न

99. Paat is -
(1) Playing with middle finger only
(2) Playing with four fingers
(3) Playing with index finger only
(4) Playing with ring finger only
(5) Question not attempted

99. पात है –
(1) केवल मध्यमा से बजाना
(2) चारों उँगलियों से बजाना
(3) केवल तर्जनी से बजाना
(4) केवल अनामिका से बजाना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

100. Rudra Veena's 'Tumba' near the pegs is kept at which place while playing?
(1) On floor
(2) On right arm
(3) On Thigh (Right side)
(4) On left shoulder
(5) Question not attempted

100. रूद्र वीणा का तूम्बा जो खूंटियों के करीब होता है, उसे बजाते समय कहाँ पर रखा जाता है?
(1) ज़मीन पर
(2) दायीं बाजू पर
(3) जाँघ पर (दाईं ओर)
(4) बाएं कंधे पर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247
GET IT ON Google Play

**101.** The biggest string instrument used in orchestra which provides basic rhythm foundation and played by placing it upright on the ground -

(1) Double Bass (2) Guitar
(3) Violin (4) Viola
(5) Question not attempted

**102.** Which statement is false regarding bow movement of Violin?

(1) For fluent and well-organized playing it is appropriate to operate near the beak of the bow stick.
(2) To produce deep notes, the pressure of the index finger should be increased and the hair should touch the strings with full width.
(3) It should be played in the widest part between the bridge and finger board.
(4) The bow should run parallel to the bridge from one end to the other.
(5) Question not attempted

**103.** Which folk Instrument of Rajasthan are not played with bow?

(A) Jantar
(B) Chimta
(C) Chautara
(D) Pungi

**Code -**

(1) B, C, D only (2) A, B, C only
(3) A, B, C, D all (4) A, C, D only
(5) Question not attempted

**104.** Which of the following pair of (Text–No. of 'Mel') is correctly matched?

(1) Sangeet Ratnakar – 20
(2) Swarmel Kala Nidhi – 21
(3) Sangeet Darpan – 19
(4) Rag Vibodh – 23
(5) Question not attempted

**105.** How many Thaats are there containing all vikrit swara (R G M D N) in the 32 Thaat process of Pt. Bhatkhande?

(1) Five (2) Ten
(3) Four (4) One
(5) Question not attempted

**101.** वृंद वादन में प्रयुक्त सबसे बड़ा तंत्री वाद्य, जो जमीन पर खड़ा करके बजाया जाता है तथा आधारभूत लय भी प्रदान करता है –

(1) डबल बास (2) गिटार
(3) वायलिन (4) वायोला
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**102.** वायलिन के गज संचालन संबंध में कौनसा कथन असत्य है?

(1) धारा प्रवाह तथा सुव्यवस्थित वादन हेतु गज की चोंच के पास ही संचालन उचित है।
(2) भारी स्वर निष्कासन हेतु तर्जनी अंगुली का दबाव बढ़ाकर बालों को पूरी चौड़ाई के साथ तारों को छूना चाहिए।
(3) घुड़च तथा स्वर पट्टिका के बीचों बीच सबसे चौड़े भाग में चलाना चाहिए।
(4) गज को एक सिरे से दूसरे सिरे तक घुड़च के समानांतर चलाना चाहिए।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**103.** राजस्थानी लोक संगीत के कौनसे वाद्य गज से वादित नहीं है?

(अ) जंतर
(ब) चिमटा
(स) चौतारा
(ड) पूंगी

**कोड –**

(1) केवल ब, स, ड (2) केवल अ, ब, स
(3) अ, ब, स, ड सभी (4) केवल अ, स, ड
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**104.** निम्नलिखित में कौनसा युग्म (ग्रंथ–'मेल' संख्या) सही सुमेलित है?

(1) संगीत रत्नाकर – 20
(2) स्वरमेल कलानिधि – 21
(3) संगीत दर्पण – 19
(4) राग विबोध – 23
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**105.** पं. भातखंडे की 32 थाट प्रक्रिया में (रे ग म ध नि) सभी विकृत स्वर युक्त कितने थाट हैं?

(1) पांच (2) दस
(3) चार (4) एक
(5) अनुत्तरित प्रश्न

106. Which term is used for instruments in Natyashastra?
(1) Atodya (2) Stom
(3) Yam (4) Stobh
(5) Question not attempted

106. नाट्यशास्त्र में वाद्यों के लिए किस संज्ञा का प्रयोग होता है?
(1) आतोद्य (2) स्तोम
(3) यम (4) स्तोभ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

107. **Assertion (A) :** In the medieval texts – When Gandhar is given the title of 'Re', then two of its shurtis are added to the Rishabh. It is called 'Gandhar' or Panchshruti (3+2) - Rishabh.
**Reason (R) :** The change in name is done so that two names of the same swara do not appear in the same 'Mel' or 'Rag'.
(1) (A) is correct and (R) is the correct explanation of (A).
(2) (A) is false and (R) is true.
(3) (A) and (R) both are false.
(4) (A) is correct and (R) is not the correct explanation of (A).
(5) Question not attempted

107. **अभिकथन (A)** : मध्यकालीन ग्रंथों में गंधार को जब 'रे' की उपाधि दी जाती है तो उसकी दो श्रुतियां ऋषभ की श्रुतियों में जोड़ दी जाती हैं, उसे गंधार अथवा पंचश्रुति (3+2)-ऋषभ कहा जाता है।
**कारण (R) :** नामों में परिवर्तन इसलिए किया जाता है कि एक ही मेल अथवा एक ही राग में, एक ही स्वर के दो नाम न आ पाएं।
(1) (A) सत्य है तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।
(2) (A) असत्य तथा (R) सत्य है।
(3) (A) तथा (R) दोनों असत्य हैं।
(4) (A) सत्य है किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

108. Which of the following statement is not correct?
(1) Both violin and viola have similar 'C' flame holes.
(2) Nicola Amati played an important role in the development of the violin.
(3) V.G. Jog used the sympathetic strings in the violin.
(4) The viola family was well established even before the violin family.
(5) Question not attempted

108. निम्नलिखित में कौनसा कथन असत्य है?
(1) वायलिन तथा वायोला दोनों में समान रूप से 'C' फ्लेम छिद्र होते हैं।
(2) वायलिन के विकास में, निकोला आमाती की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।
(3) वी.जी. जोग ने वायलिन में तरब के तारों का प्रयोग किया।
(4) वायोला परिवार, वायलिन परिवार से पहले ही पूर्ण प्रतिष्ठित था।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

109. The term 'Kala' is being used in different senses. Indicate it in the context of 'Taal' -
(A) Guru (Accentuation period)
(B) Part of Taal
(C) 'Sashabda Kriya'
(D) 'Shushkakshara'
(1) Only C and D (2) B, C, D
(3) Only A and C (4) A, B, C
(5) Question not attempted

109. ताल के संदर्भ में 'कला' संज्ञा का प्रयोग किन–किन अर्थों में लिया गया है, इंगित कीजिये?
(A) गुरु (उच्चारण काल)
(B) ताल भाग
(C) 'सशब्द क्रिया'
(D) 'शुष्काक्षर'
(1) केवल C तथा D (2) B, C, D
(3) केवल A तथा C (4) A, B, C
(5) अनुत्तरित प्रश्न

110. Pt. Omkar Nath Thakur, guru of N. Rajam belonged to which Gharana?
(1) Jaipur (2) Etawah
(3) Gwalior (4) Patiala
(5) Question not attempted

110. एन. राजम के गुरु, पं. ओमकार नाथ ठाकुर किस घराने के थे?
(1) जयपुर (2) इटावा
(3) ग्वालियर (4) पटियाला
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247
GET IT ON Google Play

**111.** According to Shadav, Audhav distintion of Murchhanas described in Natyashastra, which option is not matched correctly?
(1) Shadja Gramik Shadhav Murchna - 28
(2) Madhyam Gramik Shadhav- Murchna - 20
(3) Shadja Gramik Audhav Murchna - 21
(4) Madhyam Gramik Audhav Murchna - 14
(5) Question not attempted

**112.** In which of the following scriptures the names of 22 shruti's like "Teevra, Kumudwati, Manda …etc." are mentioned?
(1) Sangeet Makrand
(2) Rag Tarangini
(3) Sangeet Samay Sar
(4) Sangeetopnishatsaroddar
(5) Question not attempted

**113.** In Shiv Matt, how many Raga-Raginis are there?
(1) Raga 5 - Raginis 30
(2) Raga 6 - Raginis 36
(3) Raga 5 - Raginis 36
(4) Raga 6 - Raginis 30
(5) Question not attempted

**114.** What changes are seen in the course of Indianisation of violin?
(i) Thickness of string
(ii) Position of playing
(iii) Tuning method
(iv) Length of Bow
(1) Only ii, iii, iv (2) Only i, ii
(3) Only ii, iii (4) Only iii, iv
(5) Question not attempted

**115.** Match the following –

| | |
|---|---|
| (A) Bhatt Lollat | (i) Bhuktiwad |
| (B) Shankuk | (ii) Anumitiwad |
| (C) Bhatt Nayak | (iii) Utpattiwad |
| (D) Abhinavgupt | (iv) Abhivyaktiwad |

**Code -**
(1) (A)-(iv), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iii)
(2) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)
(3) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(iv)
(4) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)
(5) Question not attempted

**111.** नाट्यशास्त्र में वर्णित मूर्च्छना के षाडव, औडव भेद के अनुसार कौनसा विकल्प सुमेलित नहीं है?
(1) षडज ग्रामिक षाडव मूर्च्छना – 28
(2) मध्यम ग्रामिक षाडव मूर्च्छना – 20
(3) षडज ग्रामिक औडव मूर्च्छना – 21
(4) मध्यम ग्रामिक औडव मूर्च्छना – 14
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**112.** निम्नलिखित में से किस ग्रंथ में "तीव्रा, कुमुद्वति, मंदा ......इत्यादि" 22 श्रुतियों के नाम वर्णित हैं?
(1) संगीत मकरंद
(2) राग तरंगिणी
(3) संगीत समय सार
(4) संगीतोपनिषत्सरोद्धार
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**113.** शिव मत में, कितने राग–रागिनी हैं?
(1) राग 5 - रागिनी 30
(2) राग 6 - रागिनी 36
(3) राग 5 - रागिनी 36
(4) राग 6 - रागिनी 30
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**114.** वायलिन के भारतीयकरण के क्रम में किन बदलावों को देखा जाता है?
(i) तारों की मोटाई
(ii) वादन स्थिति
(iii) मेलन विधि
(iv) गज की लंबाई
(1) केवल ii, iii, iv (2) केवल i, ii
(3) केवल ii, iii (4) केवल iii, iv
(5) अनुत्तरित प्रश्न

**115.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए –

| | |
|---|---|
| (A) भट्ट लोल्लट | (i) भुक्तिवाद |
| (B) शंकुक | (ii) अनुमितिवाद |
| (C) भट्टनायक | (iii) उत्पत्तिवाद |
| (D) अभिनवगुप्त | (iv) अभिव्यक्तिवाद |

**कोड –**
(1) (A)-(iv), (B)-(i), (C)-(ii), (D)-(iii)
(2) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii), (D)-(iv)
(3) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i), (D)-(iv)
(4) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(iv), (D)-(i)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247
GET IT ON Google Play

116. Which is not correct in the context of Surbahar?
(1) Its pitch is higher than sitar.
(2) Alap Jod of Veena can be played on surbahar.
(3) It was created after sitar.
(4) It is not mentioned in Ancient and Medieval Text.
(5) Question not attempted

117. How many strings are there in the French Violin named 'Quinton'?
(1) Five (2) Four
(3) Six (4) Seven
(5) Question not attempted

118. Which of the following statement is false?
(1) D-M means Kedar and P-R means Malhar. Hence 'Meend' is a 'Raga Vaachak' symbol in Indian music.
(2) The process of taking 'Meend' varies according to the nature of instrument.
(3) The ascending Meend is called 'Vilom' and descending Meend is called 'Anulom'.
(4) The 'Vali' variant of Gamak is currently called Meend.
(5) Question not attempted

119. Match the following –

| **(Bow Instrument)** | **(State)** |
|---|---|
| (A) Pena | (i) Bihar |
| (B) Banam | (ii) Manipur |
| (C) Villadi Vadyam | (iii) Tamil Nadu |
| (D) Surinda | (iv) Rajasthan |

**Code -**
(1) (A)-i, (B)-ii, (C)-iii, (D)-iv
(2) (A)-ii, (B)-i, (C)-iii, (D)-iv
(3) (A)-iv, (B)-iii, (C)-i, (D)-ii
(4) (A)-ii, (B)-iv, (C)-iii, (D)-i
(5) Question not attempted

120. The abundance of long syllables and contraction of vocables, are the characteristics of which 'Geeti'?
(1) Ardhmagdhi (2) Sambhavita
(3) Prathula (4) Magdhi
(5) Question not attempted

116. सुरबहार के संदर्भ में क्या सही नहीं है?
(1) ध्वनि की तीव्रता सितार से अधिक है।
(2) वीणा के आलाप जोड़ को सुरबहार में भी बजाया जा सकता है।
(3) इसकी उत्पत्ति सितार के बाद हुई।
(4) इसका उल्लेख प्राचीन और मध्यकालीन ग्रंथों में नहीं मिलता।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

117. 'क्विनटोन' नामक फ्रेंच वायलिन में कितने तार होते हैं?
(1) पांच (2) चार
(3) छः (4) सात
(5) अनुत्तरित प्रश्न

118. निम्नलिखित में कौनसा कथन असत्य है?
(1) ध – म से केदार, प – रे से मल्हार बोधक हैं। अतः मींड भारतीय संगीत में रागवाचक चिन्ह है।
(2) 'मींड' लेने की प्रक्रिया वाद्यों की प्रकृति के अनुसार भिन्न–भिन्न होती है।
(3) आरोह की मींड विलोम तथा अवरोह की मींड को अनुलोम मींड कहते हैं।
(4) गमक का 'वली' भेद वर्तमान में मींड कहलाता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

119. सुमेलित कीजिए –

| **(गज वाद्य)** | **(मूल प्रदेश)** |
|---|---|
| (A) पेना | (i) बिहार |
| (B) बनम | (ii) मणिपुर |
| (C) विलाडी वाद्यम् | (iii) तमिलनाडु |
| (D) सुरिंदा | (iv) राजस्थान |

**कोड –**
(1) (A)-i, (B)-ii, (C)-iii, (D)-iv
(2) (A)-ii, (B)-i, (C)-iii, (D)-iv
(3) (A)-iv, (B)-iii, (C)-i, (D)-ii
(4) (A)-ii, (B)-iv, (C)-iii, (D)-i
(5) अनुत्तरित प्रश्न

120. दीर्घ अक्षरों का आधिक्य तथा पदों का संकोच, किस 'गीति' का लक्षण है?
(1) अर्धमागधी (2) संभाविता
(3) पृथुला (4) मागधी
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247 GET IT ON Google Play

121. The intensity and pitch of sound is related to –
(1) Frequency, Diffraction
(2) Harmonics, Discord
(3) Amplitude, Explication
(4) Amplitude, Frequency
(5) Question not attempted

121. नाद की तीव्रता तथा तारता क्रमशः किससे संबंधित हैं?
(1) आवृत्ति, विवर्तन
(2) आवर्तक, विस्वरता
(3) कम्पविस्तार, विश्लेषण
(4) कम्पविस्तार, आवृत्ति
(5) अनुत्तरित प्रश्न

122. Which of the following pair (Instrument-Generally used no. of Strings) is not matched?
(1) Octo Bass - 4 (2) Double Bass - 4
(3) Violin - 4 (4) Cello - 4
(5) Question not attempted

122. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म (वाद्य–सामान्यतः प्रयुक्त तार संख्या) सुमेलित नहीं है?
(1) ऑक्टो बास – 4 (2) डबल बास – 4
(3) वायलिन – 4 (4) चेलो – 4
(5) अनुत्तरित प्रश्न

123. Increase in Resonance of Tabla depends upon -
(1) 'Gajra'
(2) Length of 'Baddi'
(3) 'Syahi' on Tabla's face
(4) No. of 'Gattas'
(5) Question not attempted

123. तबले में गूंज की वृद्धि किस कारण होती है?
(1) 'गजरा'
(2) 'बद्दी' की लम्बाई
(3) तबले के मुख पर 'स्याही'
(4) 'गट्टों' की संख्या
(5) अनुत्तरित प्रश्न

124. Which of the following sequence (Gharana-Instrument-Musician) is not matched correctly?
(1) Maihar, Guitar, Braj Bhushan Kabra
(2) Darbhanga, Flute, Timir Varan
(3) Gwalior, Violin, N. Rajam
(4) Senia, Sarangi, Sabri Khan
(5) Question not attempted

124. निम्नलिखित में कौनसा क्रम (घराना–वाद्य–संगीतज्ञ) का सही सुमेलित नहीं है?
(1) मैहर, गिटार, ब्रजभूषण काबरा
(2) दरभंगा, बाँसुरी, तिमिर वरन्
(3) ग्वालियर, वायलिन,एन. राजम
(4) सेनिया, सारंगी, साबरी खाँ
(5) अनुत्तरित प्रश्न

125. Which instrument prevalent in classical music is similar to the folk instrument 'Jantar' of Rajasthan but more developed and refined?
(1) Sarangi (2) Rudr Veena
(3) Sarod (4) Santoor
(5) Question not attempted

125. शास्त्रीय संगीत में प्रचलित कौनसा वाद्य, राजस्थान के लोक वाद्य 'जंतर' के समआकृतिक, लेकिन अधिक विकसित तथा परिष्कृत है?
(1) सारंगी (2) रूद्र वीणा
(3) सरोद (4) संतूर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

126. Which term is used for the 'long sustained notes' in Violin?
(1) Arpeggio (2) Scarleti
(3) Collegno (4) String crossing
(5) Question not attempted

126. वायलिन में 'लम्बे आँसयुक्त स्वर' बजाने के लिये किस संज्ञा का प्रयोग किया जाता है?
(1) आरपेजिओ (2) स्कार्लेटी
(3) कोलेग्नो (4) स्ट्रिंग क्रॉसिंग
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247 GET IT ON Google Play

127. In the scriptural terminology related to Mridang playing, which pair of (Textual Term - Types) is not compatible?
(1) Pani – Sampani, Ardhpani, Panchpani
(2) Prabandh – Aalipt, Addita, Vitast
(3) Marjna – Mayuri, Ardhmayuri, Karmaravi
(4) Prahar – Mukt, Nigrahit, Ardhnigrahit
(5) Question not attempted

128. Which option is not related to the pure independent orchestra (which is not presented as an accompaniment)?
(1) Symphony (2) Concerto
(3) Sonata (4) Opera
(5) Question not attempted

129. **Assertion (A):** The string instrumentalists tries to exactly imitate the flow and sound of the human throat on the instrument in the 'Gayki Anga' means reproduction of vocal music.
**Reason (R):** In Carnatic music, pure 'Tantrakari Anga' is used on the instruments. There is no separate 'Gayki Anga'.
(1) Both A and R are true.
(2) Both A and R are false.
(3) Only A is true.
(4) Only R is true.
(5) Question not attempted

130. Which component is responsible to make the Raso perceptible through Angik, Vachik, Satvik and Aahary act?
(1) Sanchari Bhav (2) Vibhav
(3) Bhav (4) Anubhav
(5) Question not attempted

131. Who is considered to have started violin in Carnatic music?
(1) Baluswamy Dikshitar (2) Ramaswamy Iyengar
(3) Muthuswamy Dikshitar (4) T. Saraswati
(5) Question not attempted

127. मृदंग वादन से संबंधित शास्त्रोक्त संज्ञाओं में कौनसा युग्म (शास्त्रोक्त संज्ञा – भेद) सुमेलित नहीं है?
(1) पाणि – समपाणि, अर्द्धपाणि, पंचपाणि
(2) प्रबंध – आलिप्त, अड्डित, वितस्त
(3) मार्जना – मायूरी, अर्द्धमायूरी, कार्मारवि
(4) प्रहार – मुक्त, निगृहीत, अर्द्धनिगृहीत
(5) अनुत्तरित प्रश्न

128. निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प स्वतंत्र ऑर्केस्ट्रा से संबंधित नहीं है (जिसका प्रयोग संगत के रूप में न हो)?
(1) सिम्फनी (2) कॉनसर्टो
(3) सोनाटा (4) ऑपेरा
(5) अनुत्तरित प्रश्न

129. **अभिकथन (A):** 'गायकी अंग' में तंत्री वादक मानव कंठ के बहाव और गमक की हूबहू नकल करने का प्रयत्न करता है, अर्थात कंठ संगीत का पुनरुत्पादन।
**कारण (R):** कर्नाटक संगीत में, वाद्यों पर शुद्ध 'तंत्रकारी अंग' का प्रयोग किया जाता है। अलग से 'गायकी अंग' नहीं है।
(1) A तथा R दोनों सत्य हैं।
(2) A तथा R दोनों असत्य हैं।
(3) केवल A सत्य है।
(4) केवल R सत्य है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

130. आंगिक, वाचिक, सात्विक तथा आहार्य अभिनयों द्वारा अनुभूति योग्य बनाना, रस का कौनसा अवयव है?
(1) व्यभिचारी भाव (2) विभाव
(3) भाव (4) अनुभाव
(5) अनुत्तरित प्रश्न

131. कर्नाटक संगीत में वायलिन का प्रारंभ किसके द्वारा माना जाता है?
(1) बालुस्वामी दीक्षितर (2) रामास्वामी अयंगर
(3) मुथुस्वामी दीक्षितर (4) टी. सरस्वती
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247 GET IT ON Google Play

132. Which artist took training from Allauddin Khan in Gathkari Style?
(1) G.N. Goswami (2) Gagan Chandra Chatterjee
(3) Damodar Kesav Datar (4) P.D. Saptarishi
(5) Question not attempted

133. Which country is considered to be of paramount importance in giving the violin its present form?
(1) England (2) Italy
(3) Germany (4) France
(5) Question not attempted

134. In Sangeet Ratnakar, what is the common term for different ways of playing song on instrument?
(1) Katup Vadya (2) Vadya Prabandh
(3) Aatodya Vadya (4) Geetanug Vadya
(5) Question not attempted

135. Which is not correct in context of Ravanhatta?
(1) It is made of big size Pumpkin Gourd.
(2) It is one of the oldest instrument of Rajasthan.
(3) Main string is made of horse's tail hair.
(4) It is played with Bow.
(5) Question not attempted

136. The term 'Sikhar' was used for which type of instruments in Tansen's 'Sangeet-Saar'?
(1) Ghan (2) Tat
(3) Avnaddh (4) Sushir
(5) Question not attempted

137. Which of the following option represents 'Aad Laya'?
(1) Writing two in three beats
(2) Writing four in six beats
(3) Writing seven in five beats
(4) Writing six in four beats
(5) Question not attempted

132. किस कलाकार ने अलाऊद्दीन खां से गडकारी शैली में शिक्षा ली?
(1) जी.एन. गोस्वामी (2) गगन चंद्र चैटर्जी
(3) दामोदर केसव दातार (4) पी.डी. सप्तऋषि
(5) अनुत्तरित प्रश्न

133. वायलिन को वर्तमान स्वरूप देने में, किस देश का स्थान सर्वोपरि माना जाता है?
(1) इंग्लैण्ड (2) इटली
(3) जर्मनी (4) फ्रांस
(5) अनुत्तरित प्रश्न

134. संगीत रत्नाकर में, गीत को वाद्य पर बजाने के विभिन्न प्रकारों हेतु संयुक्त संज्ञा क्या है?
(1) कतुप वाद्य (2) वाद्य प्रबंध
(3) आतोद्य वाद्य (4) गीतानुग वाद्य
(5) अनुत्तरित प्रश्न

135. रावणहत्था के संदर्भ में क्या सही नहीं है?
(1) इसका तूम्बा बड़े आकार के कद्दू से बना होता है।
(2) यह राजस्थान का एक प्राचीनतम वाद्य है।
(3) इसकी मुख्य तार घोड़े की पूंछ के बाल से बनी होती है।
(4) इसे गज के साथ बजाया जाता है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

136. तानसेन कृत 'संगीत सार' में 'सिखर' संज्ञा का प्रयोग किन वाद्यों के लिए किया गया है?
(1) घन (2) तत्
(3) अवनद्ध (4) सुषिर
(5) अनुत्तरित प्रश्न

137. निम्नलिखित में से कौनसा विकल्प 'आड़ लय' को दर्शाता है?
(1) तीन मात्रा में दो लिखना
(2) छह मात्रा में चार लिखना
(3) पाँच मात्रा में सात लिखना
(4) चार मात्रा में छह लिखना
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247 GET IT ON Google Play

138. Which out of the 18 parts of Veena playing are played in 'Drut Laya'?
(1) LadGuth, Sath Sangat, Jhala
(2) Barabar Ki Jod, Gamak Jod
(3) Bhog Varna, Ladi Jod
(4) Antara Varna, Sanchari Varna
(5) Question not attempted

139. 'Kurula' Gamak is similar to which of the following?
(1) Ghaseet (2) Jamjama
(3) Kan (4) Krintan
(5) Question not attempted

140. Which statement is false regarding the two instruments that influence the playing style of string instruments Rabab and Been (Rudra Veena)?
(1) In Rabab, the 'Swara-bharaav' of note lasts due to 'Chikari', whereas Been doesn't consist Chikari.
(2) Rampur Nawab Haider Ali and Vazir Khan were famous players of both Veena and Rabab instruments.
(3) Rabab is without frets and 'Been' is an instrument with frets.
(4) 'Been' has more scope for 'Vilambit Meend' than 'Rabab'.
(5) Question not attempted

141. In which areas is the use of Violin equally visible in North Indian and South Indian music?
(i) Vocal accompaniment
(ii) Solo playing
(iii) Orchestra
(iv) Subjects Studied in educational institutions
(v) Light music and background music
(1) Only ii (2) Only ii, iii, iv, v
(3) Only i, ii, iii, iv (4) i, ii, iii, iv, v
(5) Question not attempted

138. बीन वादन (बीन बाज) के 18 भागों में से कौनसे 'द्रुत लय' में बजाए जाते हैं?
(1) लड़गूथ, साथ संगत, झाला
(2) बराबर की जोड़, गमक जोड़
(3) भोग वर्ण, लड़ी जोड़
(4) अंतरा वर्ण, संचारी वर्ण
(5) अनुत्तरित प्रश्न

139. 'कुरूला' गमक निम्न में से किसके समान है?
(1) घसीट (2) जमजमा
(3) कण (4) क्रिंतन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

140. तंत्रीवाद्यों की वादन शैली को प्रभावित करने वाले दो वाद्य–रबाब तथा बीन (रूद्र वीणा) के संबंध में कौनसा कथन असत्य है?
(1) रबाब में चिकारी के कारण 'स्वर–भराव' चलता रहता है, बीन में 'चिकारी' नहीं होती।
(2) रामपुर नवाब हैदर अली तथा वज़ीर खाँ, बीन तथा रबाब दोनों वाद्यों के प्रख्यात वादक थे।
(3) रबाब सारिका विहीन तथा 'बीन' सारिका युक्त वाद्य है।
(4) 'रबाब' की तुलना में 'बीन' में, 'विलंबित मींड' की गुंजाइश अधिक रहती है।
(5) अनुत्तरित प्रश्न

141. उत्तर भारतीय तथा दक्षिण भारतीय संगीत में वायलिन का प्रयोग समान रूप से किन क्षेत्रों में दृष्टव्य है?
(i) कंठ संगीत की संगत
(ii) स्वतंत्र वादन
(iii) वाद्य वृन्द
(iv) शिक्षण संस्थाओं में अध्ययन विषय
(v) सुगम संगीत तथा पार्श्व संगीत
(1) केवल ii (2) केवल ii, iii, iv, v
(3) केवल i, ii, iii, iv (4) i, ii, iii, iv, v
(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247 GET IT ON Google Play

142. Which of the following instrument is tuned to notes one 'Saptak' below the Cello?
(1) Octo Bass (2) Viola
(3) Double Bass (4) Violin
(5) Question not attempted

142. निम्नलिखित में से किस वाद्य को चेलो से एक सप्तक नीचे के स्वरों में मिलाया जाता है?
(1) ऑक्टो बास (2) वायोला
(3) डबल बास (4) वायलिन
(5) अनुत्तरित प्रश्न

143. Select the 'Trayodash Shruti Interval' of Shadja Gramik, according to Maharshi Bharat –
(i) Shadja – Pancham
(ii) Gandhar – Nishad
(iii) Madhyam – Dhaiwat
(iv) Rishabh – Dhaiwat
(v) Antar-Ga – Kakali-Ni
(1) All i, ii, iii, iv, v (2) Only i, ii, iv
(3) Only i, ii, iv, v (4) Only ii, iii, iv, v
(5) Question not attempted

143. महर्षि भरत के अनुसार, षडज ग्रामिक त्रयोदश श्रुत्यंतरों का चयन कीजिए –
(i) षडज – पंचम
(ii) गंधार – निषाद
(iii) मध्यम – धैवत
(iv) ऋषभ – धैवत
(v) अंतर–ग – काकलि–नि
(1) सभी i, ii, iii, iv, v (2) केवल i, ii, iv
(3) केवल i, ii, iv, v (4) केवल ii, iii, iv, v
(5) अनुत्तरित प्रश्न

144. Which facts are correct regarding Vipanchi-Veena?
(A) It was tuned in seven 'Shudha' and 'Antar, Kakli swaras'.
(B) It was played with bow.
(C) It had eleven strings.
(D) It was also called as 'Mahti-Veena'.
(1) B and C (2) Only A
(3) A and D (4) Only D
(5) Question not attempted

144. विपंची–वीणा के संबंध में कौनसे तथ्य सही हैं?
(A) इसे सात 'शुद्ध' तथा 'अंतर, काकलीयुक्त' स्वरों में मिलाया जाता था।
(B) इसका वादन गज से किया जाता था।
(C) इसमें ग्यारह तंत्रियां थी।
(D) इसे 'महती–वीणा' भी कहा जाता था।
(1) B तथा C (2) केवल A
(3) A तथा D (4) केवल D
(5) अनुत्तरित प्रश्न

145. Among the characteristics of 'Vaggeyakar' mentioned in Sangeet Ratnakar, select only the characteristics related to 'Vaak (Matukar)' –
(i) Vakpatutva
(ii) Subhag Geyta
(iii) Shabdanushasan Gyan
(iv) Ashesh Bhasha Gyan
(1) Only (ii) (2) Only (ii), (iii), (iv)
(3) Only (iii) (4) Only (i), (iii), (iv)
(5) Question not attempted

145. संगीत रत्नाकर में वर्णित 'वाग्गेयकार' लक्षणों में मात्र 'वाक् (मातुकार)' से संबंधित लक्षणों का चयन करें –
(i) वाक्पटुत्व
(ii) सुभग गेयता
(iii) शब्दानुशासन ज्ञान
(iv) अशेष भाषा ज्ञान
(1) केवल (ii) (2) केवल (ii), (iii), (iv)
(3) केवल (iii) (4) केवल (i), (iii), (iv)
(5) अनुत्तरित प्रश्न

146. Match the following –

| Main Musician | Gharana |
|---|---|
| (A) Amritsen, Rahimsen | (i) Lucknow |
| (B) Gulam Raza Khan | (ii) Jaipur |
| (C) Zafar Khan | (iii) Gouripur |
| (D) Inayat Khan | (iv) Indore |

**Code -**

(1) (A)-ii, (B)-iii, (C)-iv, (D)-i

(2) (A)-i, (B)-iv, (C)-iii, (D)-ii

(3) (A)-ii, (B)-i, (C)-iv, (D)-iii

(4) (A)-i, (B)-ii, (C)-iii, (D)-iv

(5) Question not attempted

146. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए –

| प्रमुख संगीतज्ञ | घराना |
|---|---|
| (A) अमृतसेन, रहीमसेन | (i) लखनऊ |
| (B) गुलाम रज़ा खाँ | (ii) जयपुर |
| (C) ज़ाफर खाँ | (iii) गौरीपुर |
| (D) इनायत खाँ | (iv) इन्दौर |

**कोड –**

(1) (A)-ii, (B)-iii, (C)-iv, (D)-i

(2) (A)-i, (B)-iv, (C)-iii, (D)-ii

(3) (A)-ii, (B)-i, (C)-iv, (D)-iii

(4) (A)-i, (B)-ii, (C)-iii, (D)-iv

(5) अनुत्तरित प्रश्न

147. Double Bass is also known by which other names?

(A) Contra Bass

(B) String Bass

(C) Contra Puntal

(D) Triple Bass

(1) All A, B, C, D (2) Only A, B

(3) Only B, C, D (4) Only C, D

(5) Question not attempted

147. डबल बास को किन अन्य नामों से भी जाना जाता है?

(A) कॉण्ट्रा बास

(B) स्ट्रिंग बास

(C) कॉण्ट्रा पुन्टल

(D) ट्रिपल बास

(1) सभी A, B, C, D (2) केवल A, B

(3) केवल B, C, D (4) केवल C, D

(5) अनुत्तरित प्रश्न

148. **Assertion (A)** – 'Mohra' and 'Mukhda' are the same thing. There are two names due to the difference in the place of their use in 'Taal'.

**Reason (R)** – Before the start of 'Theka', come to the 'Sam' by playing 'Mukhda'. The 'Bols' from the middle of Taal and meeting on 'Sam' are called 'Mohra'.

(1) Both A and R are false.

(2) Both A and R are true.

(3) Only R is true.

(4) Only A is true.

(5) Question not attempted

148. **अभिकथन (A)** – 'मोहरा' तथा 'मुखड़ा' एक ही चीज है। 'ताल' में इनके प्रयोग के स्थान भेद से दो नाम हो जाते हैं।

**कारण (R)** – 'ठेका' आरंभ होने से पूर्व 'मुखड़ा' बजाकर 'सम' पर आते हैं। ठेके के बीच में 'सम' पर आकर मिलने के 'बोल' 'मोहरा' है।

(1) A तथा R दोनों असत्य हैं।

(2) A तथा R दोनों सत्य हैं।

(3) केवल R सत्य है।

(4) केवल A सत्य है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

Adda247 GET IT ON Google Play

149. What is the characteristic of the modern bow of violin?

(1) Concave (2) Spherical

(3) Convex (4) Arched

(5) Question not attempted

150. Which of the following statement is false?

(1) The stick of the violin bow is made from 'Pernambuco' wood.

(2) The bow of violin is used at 90° angle to the strings.

(3) Cello produces the highest pitched sound in the violin family.

(4) In terms of size, the violin is the smallest member of its family.

(5) Question not attempted

149. वायलिन के आधुनिक गज की विशिष्टता क्या है?

(1) नतोदर (2) चक्रिक

(3) उन्नतोदर (4) धनुषाकार

(5) अनुत्तरित प्रश्न

150. निम्नलिखित में से कौनसा कथन असत्य है?

(1) वायलिन गज की छड़ी 'पर्नाम्बुको' लकड़ी की बनाई जाती है।

(2) वायलिन के गज को तारों के 90° कोण पर संचालित किया जाता है।

(3) वायलिन परिवार में सर्वाधिक तारता की ध्वनि 'चेलो' उत्पन्न करता है।

(4) आकार की दृष्टि से वायलिन अपने परिवार का सबसे छोटा सदस्य है।

(5) अनुत्तरित प्रश्न

-----------------------------------

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Space for Rough Work / रफ कार्य के लिए जगह

Adda247